माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1840 /07/प्रशा0/MSU/2024–25 दिनांक : 25/2/25

सेवा में,

01. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. शैक्षणिक समन्वयक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम आयोजन दिनांक : 07 मार्च, 2025 को आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में दिनांक : 13.02.2025 को आहूत ऑनलाइन बैठक के कार्यवृत्त के आलोक में विश्वविद्यालय एवं समस्त महाविद्यालयों में दिनांक : 07 मार्च, 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से (एक घण्टे का कार्यक्रम) पढ़े विश्वविद्यालय/पढ़े महाविद्यालय एवं बढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जायेगा।

उक्त आयोजन में सम्बन्धित संस्थान में अध्ययनरत् छात्र–छात्रायें एवं उनके अभिभावकगण तथा तैनात कार्मिकों के साथ पुस्तक पढ़ने का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा तथा उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गांवों के बच्चों को भी अनिवार्य रूप से सम्मिलित किया जाये। उक्त कार्यक्रम की जियो टैग फोटोग्राफ्स/वीडियो तैयार कराते हुये विश्वविद्यालय की ई–मेल आई0डी0 registrar@msuniversity.ac.in पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल के निजी सचिव को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
02. विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) श्री राज्यपाल के निजी सचिव को विशेष कार्याधिकारी के अवलोकनार्थ।
03. संयोजिका, बाला सुन्दरी महिला अध्ययन केन्द्र।
04. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

कुलसचिव